# कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
## उत्तर प्रदेश वन निगम
21/475, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016

Web.: www.upforestcorporation.in; E-mail : dsmluc@upfc.in


पत्रांक 683 /विज्ञापन/ दिनांक 25/10/2025

## उ0प्र0 वन निगम सामान्य नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत कुर्सी रोड डिपो लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कछौना, हरदोई एवं सुलतानपुर डिपो में भण्डारित प्रकाष्ठ का सामान्य नीलाम दिनांक 02.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे से प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में सम्पन्न किया जायेगा। डिपुओं के नीलाम के बाद, उपलब्धता के आधार पर सी-1 स्टाक का नीलाम एवं डिफेन्स इन्डस्ट्रियल कारीडोर परियोजना के निर्माण में बाधक 54 वृक्ष, राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, नहर कोठी सण्डीला के 46 वृक्ष, एवं सिंचाई खण्ड उन्नाव कार्यालय भवन निर्माण स्थल/परिसर में स्थित 29 वृक्षों एवं सिंचाई खण्ड उन्नाव अजगैन राजबहा में स्थित 36 वृक्षों का नीलाम "जहां है जैसे है" के आधार पर किया जायेगा इच्छुक केता नीलाम में उपस्थित होकर प्रकाष्ठ कय कर सकते हैं। इच्छुक केता उक्त खडे वृक्षों की लाटें विधवत देखकर ही बोली दें। बोली देने के पश्चात् कोई भी प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा, तथा खडे प्रकाष्ठ/वृक्षों की लाटों की बोली देने हेतु 25 प्रतिशत गेटमनी जमा करना होगा।

विक्रय सूची को वन निगम की वेबसाईट www.upforestcorporation.co.in पर प्राप्त की जा सकती है। शेष समय, नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

(ऊषा देवी)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

पत्रांक 683 /तद्दिनांक

**व्यवस्थापक – सम्पादक, वी.टी.एस. मीडिया स्पेस गायत्री नगर लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त सूचना दिनांक 26.10.2025 को न्यूनतम दर पर वन निगम मोनोग्राम के साथ कम से कम स्थान में लखनऊ संस्करण से प्रकाशित होने वाले हिन्दुस्तान एवं बरेली संस्करण से प्रकाशित होने वाले अमर उजाला में प्रकाशित कर अपना बिल समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे भुगतान की कार्यवाही की जा सके।**

(ऊषा देवी)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

पत्रांक 683 /तद्दिनांक

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महाप्रबन्धक (विपणन/उद्योग), उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ.प्र. वन निगम लखनऊ क्षेत्र।
3. प्रभागीय निदेशक/वनाधिकारी वन प्रभाग लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, कानपुर देहात, रायबरेली, सुलतानपुर, अमेठी, हरदोई को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सी-1/सी-17 की लाटों के नीलामी हेतु अपना प्रतिनिधि प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में भेजने का कष्ट करें।
4. अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड उन्नाव को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि नीलामी हेतु अपना प्रतिनिधि प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में भेजने का कष्ट करें।
5. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यू.पी.डा. लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि नीलामी हेतु अपना प्रतिनिधि प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में भेजने का कष्ट करें।
6. अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, हरदोई को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि नीलामी हेतु अपना प्रतिनिधि प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में भेजने का कष्ट करें।
7. समस्त प्रभागीय विक्रय/लौगिंग प्रबन्धक/लौगिंग अधिकारी/विक्रय अधिकारी उ0प्र0 वन निगम।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग उ0प्र0 वन निगम लखनऊ को वेबसाईट/बुलेटिन कालम में सूचना प्रकाशन हेतु।
9. समस्त डिपो अधिकारी विक्रय प्रभाग लखनऊ।
10. नोटिस बोर्ड।

(ऊषा देवी)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक